Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जच्चा–बच्चा के स्वास्थ्य में उपयोगी औषधीय पौधे





R
615.1
VER-J:7

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

oundati

urukul I

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

R
615.1
VER-J:7

Q012

गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय
कृपया पुस्तक के ऊपर कोई निशान आदि
न लगायें ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पुस्तकालय
गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

वर्ग संख्या R 615.1 VER-J:7 आगत संख्या 8012

पुस्तक-वितरण की तिथि नीचे अंकित है। इस तिथि सहित ३० वे दिन तक यह पुस्तक पुस्तकालय में वापिस आ जानी चाहिए। अन्यथा ५० पैसे प्रति दिन के हिसाब से विलम्ब-दण्ड लगेगा।

8012

जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य के लिए उपयोगी औषधीय पौधे (जड़ी-बूटी) (घरेलु नुस्खे)

8012

Stock Verification-2024

संपादक
वैद्य एस.एन. वेणुगोपाल
लोक स्वास्थ्य परम्परा संवर्धन समिति

Stock Verification-2024

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

K
581.634
VEN-J.7

प्राक्कथन

भारत में लगभग सभी मानवजाति समूहों में पौधों का उपयोग आहार और औषधि के रूप में बहुत अच्छी तरह से हो रहा है। वानस्पतिक विविध पुष्पों और इनकी समृद्ध परम्परा के कारण ही भारत विश्व भर में वानस्पतिक उद्यान के रूप में प्रसिद्ध है। भारत में बढ़िया किस्म के पौधों की 25,000 किस्में हैं जिनमें से लगभग 6,000 किस्म के पौधों का उपयोग देश की मानवजाति के समूहों में हो रहा है। प्राचीन काल से आयुर्वेद अपने 450 मूल शोधों (औषधियों) में लगभग 15,000 किस्म के पौधों का उपयोग करता आ रहा है। देश के विभिन्न भागों में पौधों की विभिन्न व्याख्याओं के कारण ही विभिन्नता पायी जाती है।

जच्चा और बच्चा के स्वास्थ्य की देखभाल करना आयुर्वेद का मुख्य क्षेत्र है। इसलिए बच्चों के स्वास्थ्य की देखभाल करना प्राचीनकाल में वर्णित आयुर्वेद की प्रमुख शाखाओं में से एक है। यह पुस्तिका लोक स्वास्थ्य परम्परा संवर्धन समिति की प्रकाशन श्रृंखलाओं में से एक है और यह प्राथमिक रूप से गृहणियों तथा स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के लिए उपयोगी है।

इस छोटी-सी पुस्तिका में जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य के लिए उपयोग 34 औषधीय पौधों (जड़ी-बूटियों) का सजीव चित्रण प्रस्तुत किया गया है। इसमें दी गयी जानकारी परीक्षित है। पौधों की पहचान करने की भ्रांति से बचने के लिए इस पुस्तिका में पौधों के रंगीन चित्रों के साथ-साथ उनके क्षेत्रीय, संस्कृत और वानस्पतिक नाम दिये गये हैं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विषय सूची

		पृष्ठांक
1.	सचित्र औषधीय पौधों का उपयोग	4
2.	जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य के लिए उपयोगी औषधीय पौधे (जड़ी-बूटियां)	39
3.	जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य संबंधी प्रमुख रोगों और उनके उपचारार्थ प्रयुक्त पौधों के नाम	41
4.	गर्भावस्था में उपयोगी पौधों की अनुक्रमणिका	45
5.	स्तनपान कराने वाली माता के लिए उपयोगी पौधों की अनुक्रमणिका	47
6.	बच्चों के लिए उपयोगी पौधों की अनुक्रमणिका	49
7.	औषधि निर्माण विधि और मात्राएं	50
8.	प्रयुक्त औषधीय पौधों के क्षेत्रीय नाम	54

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सचित्र औषधीय पौधों का उपयोग

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्युनिका ग्रानेटम लिन

क्रमांक: 1

वानस्पतिक नाम	:	प्युनिका ग्रानेटम लिन
संस्कृत नाम	:	दाड़िम
हिंदी नाम	:	अनार
उपयोगी भाग	:	फल

प्राप्य स्थान:

समूचे भारत में पाया जाता है।
दक्षिण भारत और पश्चिम बंगाल में इसकी पैदावार बड़े पैमाने पर की जाती है।

उपयोग:

1. गर्भावस्था के समय रक्ताल्पता में कच्चे अनार का रस देना उपयोगी होता है।
2. भूख की कमी और अरुचिकर होने पर इसको शक्कर, नमक तथा भुने हुए चावल के दानों के साथ देना फायदेमंद होता है।
3. गर्भावस्था के समय गले की खुश्की में इसको खाने से लाभ होता है।
4. गर्भावस्था के समय मतली आने पर कच्चे अनार के रस में चावल पका कर के नियमित आहार के रूप में देना उपयोगी होता है।
5. गर्भावस्था के समय अतिसार हो जाने पर कच्चे अनार के छोटे-छोटे टुकड़े करके और उन्हें पानी के साथ पीस कर पिला देने से लाभ होता है।
6. वमन की शिकायत होने पर अनार के रस को नींबू के रस के साथ पीने से फायदा होता है।
7. श्लैष्मिक अतिसार या अतिसार की किसी भी अवस्था में अनार के छिल्के का पाउडर — एक या दो चम्मच-शहद के साथ मिलाकर दिया जा सकता है। इसके छिल्के को दूध में उबाल कर और उसमें पिसी हल्दी मिलाकर आहार के रूप में देना उपयोगी है और उसे बार-बार पीने के लिए भी दे सकते हैं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

टिनोस्पोरा कार्डिफोलिया

क्रमांक: 2

वानस्पतिक नाम	:	टिनोस्पोरा कार्डिफोलिया
संस्कृत नाम	:	गुडूची
हिंदी नाम	:	गिलोय, गुलांचा
उपयोगी भाग	:	डंठल

प्राप्य स्थान:

यह भारत के उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों और अंडमान में पाया जाता है।

उपयोग:

1. गर्भावस्था के समय का ज्वर गिलोय के डंठल का क्वाथ (काढ़ा) खाली पेट दिन में दो बार पिलाने से उतर जाता है।

2. अर्जीण, शोफ (ईडीमा) और संधिशोथ में गिलोय के डंठल का क्वाथ अदरक के रस के साथ देना उपयोगी होता है।

3. बच्चों के कामला (पीलिया) रोग में गिलोय डंठल का क्वाथ अंगूर और गन्ने के रस के साथ पिलाने से लाभ होता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वेटिवेरिया जिजानियोइडेज लिन

क्रमांक: 3

वानस्पतिक नाम	:	वेटिवेरिया जिजानियोइडेज लिन
संस्कृत नाम	:	उशीरम्
हिंदी नाम	:	खस
उपयोगी भाग	:	जड़ें

प्राप्य स्थानः

भारत के उत्तरी भागों में नदियों के किनारों पर तथा पश्चिम बंगाल, मैसूर और नागपुर में काफी मात्रा में पाया जाता है।

उपयोग:

1. गर्भावस्था के समय मूत्रनली में शोथ और मूत्र के साथ रक्त जाना (निकलना), मूत्रत्याग के समय तीव्र दर्द और जलन हो तो दो से तीन घंटे तक पानी में भिगी हुई खस के पानी को छानकर उसे गर्भवती महिला को पिलाने से काफी लाभ होता है।
2. भिगी हुई खस का पानी पीने से पाचन संबंधी समस्याओं में भी लाभ होता है, ग्रीष्म मौसम में ज्वर में फायदा होता है और प्यास बुझ जाती है।
3. प्रतिजीवविष के रूप में भी खस का उपयोग किया जाता है। यह शरीर में व्याप्त विष को खत्म कर देता है।
4. खस की जड़ों की मलहम (पेस्ट) बनाकर उससे गर्मियों में स्नान करना लाभकारी होता है।
5. खस की जड़ों का उपयोग पीने के पानी को शीतल रखने और सुगंधित बनाने के लिए किया जाता है।
6. खस के क्वाथ/मलहम का आंतरिक या बाह्य उपयोग करने से शरीर की अतिरिक्त गर्मी, दुर्गन्धित बदबू और पसीने की गंध कम हो जाती है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नीलम्बियम स्पेसोओजम वाइल्ड

क्रमांक: 4

वानस्पतिक नाम	:	नीलम्बियम स्पेसोओजम वाइल्ड
संस्कृत नाम	:	कमल
हिंदी नाम	:	कमल
उपयोगी भाग	:	फूल, प्रकंद

उपयोग:

1. गर्भावस्था के समय शारीरिक जलन हो जाने पर कमल के फूलों को पानी में उबाल कर उसका काढ़ा पिलाने से बहुत लाभ होता है।

2. गर्भावस्था के समय नाभि-नाड़ी के असामान्य, जैसे नाड़ी का बहुत ज्यादा बढ़ जाना या बहुत छोटी हो जाना, हो जाने पर कमल के फूलों को पानी में उबाल कर और ठंडा करके पिलाने से नाभि-नाड़ी ठीक हो जाती है।

3. गर्भावस्था के समय बार-बार गर्भपात हो जाता है तो उसको रोकने के लिए कमल के प्रकंद को पीस कर और उसे दूध में उबाल कर पीने के लिए देने की सिफारिश की जाती है।



CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अस्परागुस रेसमोसस वाइल्ड

क्रमांक: 5

वानस्पतिक नाम	:	अस्परागुस रेसमोसस वाइल्ड
संस्कृत नाम	:	शतावरी
हिंदी नाम	:	शतावर
उपयोगी भाग	:	प्रकंद

प्राप्य स्थान:

भारत में कश्मीर में पूर्व की ओर हिमालय में 4,000 फुट की ऊंचाई पर उष्णकटिबंधीय, उप-उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में पाया जाता है।

उपयोग:

1. स्त्रियों के प्राथमिक बांझपन को दूर करने में या जिन स्त्रियों को बार-बार गर्भपात होता है उन्हें शतावर की जड़ों को दूध में उबाल कर पिलाने से लाभ होता है।
2. यह भी देखने में आया है कि जो स्त्रियां गर्भावस्था के समय शतावर का सेवन करती हैं वे स्वस्थ शिशु को जन्म देती हैं।
3. यदि स्त्री रक्ताल्पता, पाण्डु रोग और दुबली है तो उसे दूध या पानी के साथ शतावर चूर्ण देने से फायदा होता है। यह शरीर का वजन बढ़ाने और भ्रूण के विकास में भी लाभदायक होता है।
4. शतावर चूर्ण गर्भावस्था के समय दूध के साथ सेवन करने से श्वेतप्रदर या रक्त को निकलने से रोकता है।
5. शतावर को शक्कर के साथ पानी में उबाल कर पीने से कब्ज ठीक हो जाती है और मल के साथ रक्त नहीं निकलता है।
6. गर्भावस्था के समय शोफ और मूत्र अवरोध हो जाये तो शतावर के ताजा स्वरस को शक्कर मिलाकर पीना बहुत उपयोगी होता है।
7. गर्भावस्था के समय जलन अनुभूति और लगातार दर्दनाक मूत्रत्याग में शतावर का क्वाथ देने से बहुत फायदा होता है।
8. बच्चों के अपस्मार (मिरगी) रोग में दूध के साथ शतावर की जड़ों का रस पिलाने से लाभ होता है।
9. दूध में शतावर की जड़ों का क्वाथ जच्चा को पिलाने से स्तनों में दूध बढ़ जाता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

फाइलेंथस एम्बलिक लिन

क्रमांक: 6

वानस्पतिक नाम	:	फाइलेंथस एम्बलिक लिन
संस्कृत नाम	:	आमलकी
हिंदी नाम	:	आमला (आंवला)
उपयोगी भाग	:	फल

प्राप्य स्थान:

समूचे भारत में आर्द्रता पूर्ण कच्छ क्षेत्रों में पाया जाता है।

उपयोग:

1. गर्भावस्था के समय अपस्मार में आंवले का रस पीने से लाभ होता है।
2. थोड़ी सी स्वर्ण भस्म, घी और शहद के साथ आंवला फल के चूर्ण को जन्म के तुरंत बाद नवजात शिशु को चटाने से उनमें रोग प्रतिरोध शक्ति बढ़ जाती है।
3. सम-भाग हल्दी और गिलोय के साथ आंवले का चूर्ण मिलाकर सेवन करना मधुमेह में उपयोगी होता है।
4. शिशु के मुख पाक में आंवले वृक्ष की 5 ग्राम छाल को पीस कर मां के दूध में लेई (पेस्ट) बनाकर मुख के अंदर लगाने से बहुत लाभ होता है।
5. प्रसव के बाद आवंला फल को पानी में उबालकर स्नान करने से लाभ होता है।
6. गर्भावस्था के समय और प्रसव के बाद मूत्रण तथा मूत्रकृच्छ में उपयोगी होता है।



CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पाइपर लोंगम लिन

क्रमांक: 7

वानस्पतिक नाम	:	पाइपर लोंगम लिन
संस्कृत नाम	:	पिप्पली
हिंदी नाम	:	पिपला-मूल
उपयोगी भाग	:	फल

प्राप्य स्थान:

समूचे भारत में पाया जाता है।

उपयोग:

1. प्रसव में तुरंत बाद देना बहुत ही लाभदायक होता है ताकि स्त्री के भीतरी अवयव अपने स्थान पर आ जायें। प्रसूता को पिपला-मूल फल का चूर्ण शहद के साथ चाटने के लिए देना अच्छा होता है। इससे गर्भाशय की सफाई भी हो जाती है।

2. बहुत ज्यादा पानी में चावल उबाल कर और उसमें काली मिर्च और पिपला-मूल का थोड़ा-सा चूर्ण मिलाकर जच्चा को खिलाना ठीक होता है। इससे यकृत और प्लीहा ठीक रहते हैं और रक्त की वृद्धि होती है तथा भूख बढ़ती है।

3. बच्चों को खांसी, श्वास रोग और अपच में सूखी पिपला-मूल का चूर्ण शहद के साथ देने से लाभ होता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बकोपा मोन्निरा लिन

क्रमांक: 8

वानस्पतिक नाम	:	बकोपा मोन्निरा लिन
संस्कृत नाम	:	ब्राह्मी
हिंदी नाम	:	ब्राह्मी
उपयोगी भाग	:	पूरा पौधा

प्राप्य स्थान:

दलदली स्थानों और जोहड़ों में पाया जाता है।

सावधानी:

अधिक मात्रा में पौधे का रस पीने से दस्त लग सकते हैं।

उपयोग:

1. यदि प्रसव के बाद बेहाशी आ जाये तो ब्राह्मी रस में आंवले रस को मिलाकर पिलाना उपयोगी होता है।
2. घी में ब्राह्मी रस तैयार करके छोटी-छोटी मात्रा में शिशु को सेवन कराने से उसकी स्मृति क्षमता बढ़ती है, बुद्धि का विकास होता है और मानसिक स्वास्थ्य ठीक रहता है।
3. बच्चों के अपस्मार और वातोन्माद में दूध के साथ ब्राह्मी रस मिलाकर देने से लाभ होता है।
4. 5-10 एम.एल की मात्रा में ब्राह्मी रस बच्चों की कब्ज को दूर करता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ऐलो वेरा, टुअर्न

क्रमांक: 9

वानस्पतिक नाम : ऐलो वेरा, टुअर्न
संस्कृत नाम : कुमारी
हिंदी नाम : घीकुंवार
उपयोगी भाग : चमकीले पत्ते

प्राप्य स्थान:

समूचे भारत में नमी वाले क्षारीय क्षेत्रों में पाया जाता है।

सावधानी:

इस औषधि का उपयोग गर्भावस्था के समय नहीं करना चाहिए।

उपयोग:

1. घीकुंवार के पत्तों के मध्य का गुद्देदार भाग का रस छोटी-छोटी मात्राओं में प्रसूता स्त्री को देना उपयोगी होता है। यह रक्त संचालन को बढ़ाने और गर्भाशय की सफाई में सहायक होता है।
2. बच्चों के आंत्रशूल, न्युमोनिया और पेट में कृमि होने जाने पर घीकुंवार के ताजा रस को हिंग के साथ 1-ग्रेन की मात्राओं में देने से लाभ होता है। इसे मां के दूध के साथ भी दिया जा सकता है।
3. घीकुंवार का रस 20-30 एम. एल की मात्रा में देने से श्वेतप्रदर और अनार्तव रोग ठीक हो जाता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बोएराविया डिफूजा लिन

क्रमांक: 10

वानस्पतिक नाम	:	बोएराविया डिफूजा लिन
संस्कृत नाम	:	पुनर्नवा
हिंदी नाम	:	सांठ
उपयोगी भाग	:	पूरा पौधा

उपयोग:

1. प्रसवोतर के समय रक्ताल्पता को रोकने और उसे ठीक करने में पुनर्नवा के पत्ते सहायक आहार के रूप में देना बहुत अच्छा होता है।

2. प्रसव के कारण रक्त की कमी होने पर प्रसूता को पुनर्नवा की जड़ों का क्वाथ (काढ़ा) देना हितकर होता है।

3. पुनर्नवा की जड़ का क्वाथ प्रसव के तनाव को कम करने और प्रसूता के अवयवों को ताकत देने के लिए देना उपयोगी होता है।

4. जटिल मूत्रण या मूत्रनाश में पुनर्नवा की जड़ का क्वाथ देने की सिफारिश की जाती है।

5. यदि प्रसव के बाद शोफ की स्थिति हो जाये तो पुनर्नवा की जड़ का क्वाथ अदरक के रस के साथ देना फायदेमंद होता है।

6. बच्चों को बलगम बनने लगे तो पुनर्नवा और वचा की लेई (पेस्ट) बनाकर घी के साथ देना उपयोगी होता है।

7. बच्चों का कामला (पीलिया) पुनर्नवा की जड़ की लेई बनाकर नारियल के पानी के साथ देने से ठीक हो जाता है।



CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इपोमोइया डिजिटेट लिन

क्रमांक: 11

वानस्पतिक नाम	:	इपोमोइया डिजिटेट लिन
संस्कृत नाम	:	विदारी
हिंदी नाम	:	बिलाई-कंद
उपयोगी भाग	:	प्रकंद

प्राप्य स्थान:

भारत में समूचे उष्णकटिबंधीय भागों, विशेषकर नमी वाले क्षेत्रों में पाया जाता है। पश्चिम बंगाल और असम में काफी मात्रा में मिलता है।

उपयोग:

1. जच्चा और बच्चा के स्वास्थ्य में सुधार लाने और वजन बढ़ाने के लिए सामान्य टानिक के रूप में चमकीली जड़ के चूर्ण को दूध के साथ देना उपयोगी होता है।

2. दूध के साथ बिलाई-कंद का चूर्ण सेवन करने से जच्चा के स्तनों में दूध बढ़ जाता है।

3. स्त्री के बांझपन और अपरिपक्व गर्भपात में बिलाई-कंद की जड़ का क्वाथ (काढ़ा) दूध और शक्कर के साथ सेवन करने से लाभ होता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ऐंड्रोग्राफिस पैनिक्युल्टा नीस

क्रमांक: 12

वानस्पतिक नाम	:	ऐंड्रोग्राफिस पैनिक्युल्टा नीस
संस्कृत नाम	:	किरात-तिक्त
हिंदी नाम	:	चिरायता
उपयोगी भाग	:	पूरा पौधा



उपयोग:

1. बच्चों को ज्वर में इस पौधे के क्वाथ का सेवन कराने से ज्वर का नाश होता है।

2. बच्चों का यकृत विकृत हो जाये तो 5-10 एम एल की मात्रा में दिन में दो बार चिरायता के पौधे के रस का सेवन कराने से लाभ होता है।

3. चिरायता, द्राक्षा और हरीतकी का क्वाथ बच्चों के कामला रोग में उपयोगी होता है।

4. जलन अनुभूति में पूरे पौधे का क्वाथ लाभदायक होता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

डेजमाडियम गंगेटिकम डी सी

क्रमांक: 13

वानस्पतिक नाम	:	डेजमाडियम गंगेटिकम डी सी
संस्कृत नाम	:	पृष्निपर्णी
हिंदी नाम	:	पिठवन
उपयोगी भाग	:	जड़ें

उपयोग:

1. यदि पर्याप्त मात्रा में नवजात शिशु को मां का दूध नहीं मिल पाता है तो उसे बकरी के दूध में पिठवन को उबालकर, ठंडा करके पिलाना लाभदायक होता है।

2. बच्चे को पिठवन की जड़ का क्वाथ पिलाने से उसका हृदय सुदृढ़ होता है।

3. गर्भावस्था के सातवें माह में पिठवन की जड़ का क्वाथ और उसके चूर्ण की लेई को घी में बनाकर गर्भवती स्त्री को सेवन कराने से भ्रूण को ताकत मिलती है।

4. बच्चों में सूजन होने पर पिठवन की जड़, पुनर्नवा की जड़, आंवला, मोथा और अजमोदा का क्वाथ बनाकर उसे शक्कर के साथ सेवन कराने से लाभ होता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

साइपेरस रोटंडस लिन

क्रमांक: 14

वानस्पतिक नाम	:	साइपेरस रोटंडस लिन
संस्कृत नाम	:	मुस्त
हिंदी नाम	:	मोथा
उपयोगी भाग	:	प्रकंद

प्राप्य स्थान:

गंगा के उपरी मैदानी क्षेत्रों, पश्चिम बंगाल के पूर्व में, मध्य प्रदेश और दक्षिण भारत में पाया जाता है।

उपयोग:

1. प्रसूता स्त्री के स्तानों पर मोथा की लेई (पेस्ट) लगाने से स्तनों में अधिक दूध आने लगता है।

2. यदि जच्चा के स्तन सूज जाते हैं या उनमें खराब, मलिन दूध आने लगता है या उनमें मवाद बननी शुरू हो जाती है तो उसे मोथा का क्वाथ सेवन कराने से आराम आ जाता है।

3. यदि शिशु को अतिसार या वमन होने लगे तो उसे मोथा जड़ के चूर्ण को शहद या मां के दूध के साथ सेवन कराने से लाभ होता है।

4. मोथा, गिलोय और सूंठी के क्वाथ का सेवन करना ज्वर और अपच में उपयोगी है।

5. बच्चों में भूख की कमी, अपच, मल त्याग की स्थिति में 20 से 25 कंदों, लगभग 20 ग्राम, को एक गिलास भरे दूध और सम भाग जल में आधी मात्रा रह जाने तक उबालें और उसे लगातार सेवन कराने से बहुत फायदा होता है। यह ज्वर और अतिसार की प्रारम्भिक अवस्था में उपयोगी होता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एलेटेरिया कार्डामोमम मेटान

क्रमांक: 15

वानस्पतिक नाम	:	एलेटेरिया कार्डामोमम मेटान
संस्कृत नाम	:	एला
हिंदी नाम	:	छोटी-इलायची
उपयोगी भाग	:	बीज

उपयोग:

1. इस पौधे के सूखे बीजों का चूर्ण बनाकर गर्भिणी को वमन में सेवन कराना उपयोगी होता है।

2. गर्भावस्था के समय जुकाम और एलर्जी की अवस्था जैसी स्थिति में इलायची के बीजों का चूर्ण काली मिर्च के चूर्ण के साथ सेवन करने से लाभ होता है।

3. खारिश और अन्य चर्म रोगों में इस के बीजों का चूर्ण प्रभावित चर्म पर लगाने से आराम होता है।

4. जटिल मूत्रण में इलायची के बीजों का चूर्ण नारियल के पानी या आंवला रस के साथ सेवन करना लाभकारी होता है।

5. गर्भवती स्त्रियों और शिशुओं को लगातार डकार और हिचकी आने पर इसके चूर्ण के सेवन से आराम आता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हेमीडेज्मस इंडिकस आर.बी.आर.

क्रमांक: 16

वानस्पतिक नाम	:	हेमीडेज्मस इंडिकस आर.बी.आर.
संस्कृत नाम	:	शारिवा
हिंदी नाम	:	अनंत-मूल
उपयोगी भाग	:	जड़ें

उपयोग:

1. गर्भावस्था के समय कुछ विषाक्त अवस्थाओं में अनंत-मूल की जड़ों का क्वाथ देना हितकर होता है।

2. वमनावस्था में इस पौधे की जड़ को चूसना या इसका चूर्ण छोटी-छोटी मात्राओं में देना लाभदायक होता है।

3. बच्चों के चर्म रोगों में अनंत-मूल का क्वाथ हल्दी चूर्ण के साथ सेवन कराना उपयोगी होता है।

4. एक रात भर तक इसके चूर्ण को नारियल के पानी में भिगोयें, उस जल को छान कर सेवन करने से मूत्र के साथ रक्त का निकलना बंद हो जाता है।

5. बच्चों के चर्म उद्भेदों, ददोड़ों या फोड़ों पर अनंत-मूल और तिलहन के बीजों को दूध में उबाल करके लगाने से अच्छा लाभ होता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

R
615.1
VER-J: 7

विथानिया सोम्निफेरा डुनल

8012

क्रमांक: 17

वानस्पतिक नाम : विथानिया सोम्निफेरा डुनल

संस्कृत नाम : अश्वगंधा

हिंदी नाम : असगंध

उपयोगी भाग : जड़ें

प्राप्य स्थान:

भारत के समूचे गरम क्षेत्रों में पाया जाता है।

उपयोग:

1. सूखी जड़ के चूर्ण को दूध के साथ या उसमें उबालकर सामान्य टानिक के रूप में सेवन करना हितकर है। गर्भिणी या प्रसव के बाद यदि स्त्री का वजन कम है या वह निर्जीव सी प्रतीत होती है तो उसे इसका सेवन कराना लाभदायक होता है।
2. स्तनों में अधिक मात्रा में दूध उतरने के लिए असंगध की जड़ों का चूर्ण गाय के दूध के साथ देने की सिफारिश की जाती है।
3. शिशु के विकास और उसका वजन बढ़ाने के लिए दूध में इसकी जड़ों को उबालकर दूध पिलाना उपयोगी होता है।
4. सिर चकराने या हृदय स्पन्दन में असंगध की जड़ का चूर्ण शहद या दूध के साथ देना हितकर होता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जिंजीबर आफिसिनेल रोस्क

क्रमांक: 18

वानस्पतिक नाम	:	जिंजीबर आफिसिनेल रोस्क
संस्कृत नाम	:	सूंठी
हिंदी नाम	:	सोंठ
उपयोगी भाग	:	प्रकंद

प्राप्य स्थान:

दक्षिण भारत में इसकी बहुतायत में पैदावार की जाती है, यह गरम-आर्द्र क्षेत्रों में बड़ी मात्रा में पाया जाता है।

उपयोग:

1. प्रसव के बाद प्रसूता को प्रायः सोंठ नमक या गुड़ के साथ आहार स्वरूप देना उपयोगी होता है। यह भूख बढ़ाती है और उदर की मांस पेशियों को ताकत और ऊर्जा प्रदान करती है।
2. अजीर्ण या अरुचिकर में भोजन खाने से पूर्व सोंठ का छोटा-सा टुकड़ा खाना उपयोगी होता है।
3. ज्वर के सामान्य उपचार में सोंठ के क्वाथ को गिलोय के साथ सेवन करना लाभदायक होता है।
4. अपच के कारण अतिसार में गुड़ के साथ सोंठ के सेवन से फायदा होता है। यह प्रसव के बाद पूरे शरीर की सूजन, छींक और साइनोसाइटिस को भी ठीक करती है।
5. अपच के कारण आमाशय शूल या वमन हो तो सोंठ का क्वाथ या चूर्ण का सेवन लाभकारी होता है।
6. अदरक, सेंधा नमक या नींबू रस के साथ भोजन से पहले खाने से जीभ और गला साफ होता है और भूख बढ़ाती है।
7. प्रसव के बाद योनि के दर्द में एक भाग सूखी अदरक, दो भाग गुड़, एक भाग धुले काले तिल का चूर्ण बनाकर गर्म दूध के साथ खाने से लाभ होता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ट्रिब्यूलस टेरिस्ट्रीज लिन

क्रमांक: 19

वानस्पतिक नाम	:	ट्रिब्यूलस टेरिस्ट्रीज लिन
संस्कृत नाम	:	गोक्षुरं
हिंदी नाम	:	गोखरू
उपयोगी भाग	:	बीज

उपयोग:

1. गर्भावस्था के समय या प्रसव के बाद मूत्र नलीशोथ, मूत्र का कम बनना, मूत्ररोध और सूजन में गोखरू के फल को पानी में उबाल कर बार-बार सेवन करने से लाभ होता है।
2. यदि मूत्रनली में कोई घाव हो जाता है तो गोखरू फल के चूर्ण में मुलहठी और शक्कर मिला कर सेवन कराने से आराम हो जाता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

करक्यूमा लोंगा लिन

क्रमांक: 20

वानस्पतिक नाम	:	करक्यूमा लोंगा लिन
संस्कृत नाम	:	हरिद्रा
हिंदी नाम	:	हल्दी
उपयोगी भाग	:	प्रकंद

प्राप्य स्थान:

इसकी पैदावार समूचे भारत, विशेषकर मालाबार, बंगाल और कैनारा में होती है।

उपयोग:

1. प्रसव के बाद तेल में हल्दी का उबटन बना कर स्नान कराने से पूर्व उसकी पूरे शरीर पर मालिश करना उपयोगी होता है। यह प्रतिजीवविष का कार्य करती है।

2. प्रसव के बाद हल्दी चूर्ण को घी के साथ सेवन करने से पूरा गर्भाशय शुद्ध और सुदृढ़ हो जाता है।

3. नवजात शिशु के चर्म को साफ करने और एक्रियोटिक (उल्व) जल के सभी अवशेषों को साफ करने के लिए हल्दी और दूध का उबटन उपयोगी होता है।

4. बच्चों के चर्म रोगों में हल्दी और मोथा जड़ के चूर्ण की लेई (मरहम) लगाने से लाभ होता है।

5. इसके प्रकंद का उपयोग आहार सामग्री में मसाले के रूप में होता है।

6. बच्चों के चर्म रोगों में हल्दी और नीम के पत्तों की लेई बनाकर बाह्य रूप में उपयोग करना हितकर होता है।

7. बच्चों के चहरे के रंगरूप को निखारने के लिए हल्दी और दूध के उबटन का उपयोग चहरे पर बाह्य रूप से किया जाता है।

8. चर्म रोगों में हल्दी का क्राथ का उपयोग प्रक्षालन के लिए किया जाता है।



CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कैरम
रोक्सबरघियानम बेंथ

क्रमांक: 21

वानस्पतिक नाम	:	कैरम रोक्सबरघियानम बेंथ
संस्कृत नाम	:	अजमोदा
हिंदी नाम	:	अजमोदा
उपयोगी भाग	:	बीज

उपयोग:

1. जुकाम, ज्वर, आमाशय शूल, कृमि उत्पीड़न और बदन दर्द में अजमोदा पौधे के बीज और पत्तों को पानी में उबाल कर, उस पानी का बार-बार उपयोग करना हितकर होता है।

2. अजमोदा चूर्ण बच्चों के वमन, आमाशय शूल और अजीर्ण में सेवन कराना उपयोगी होता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ट्रिगोनेला फोनम ग्रेयकम लिन

क्रमांक: 22

वानस्पतिक नाम	:	ट्रिगोनेला फोनम ग्रेयकम लिन
संस्कृत नाम	:	मेथिका
हिंदी नाम	:	मेथी
उपयोगी भाग	:	बीज

उपयोग:

1. इस पौधे के पत्ते और बीज बहुत उपयोगी है। प्रसव के बाद बदन दर्द और ज्वर, ठंड से जकड़न में इसके पत्तों की सब्जी खाना उपयोगी होता है।

2. अतिसार और रक्तातिसार में मेथी के बीजों का चूर्ण शहद के साथ सेवन करने से लाभ होता है।

3. यदि मां का दूध पीने से शिशु को अपच की शिकायत हो जाये तो दोनों को ही इसके चूर्ण का सेवन कराने से आराम हो जाता है।

4. पीठ के दर्द में इसके चूर्ण को सूखे नारियल, रोटी या गुड़ के साथ सेवन करना हितकर होता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सारेका इंडिका लिन

क्रमांक: 23

वानस्पतिक नाम	:	सारेका इंडिका लिन
संस्कृत नाम	:	अशोक
हिंदी नाम	:	अशोक
उपयोगी भाग	:	छाल, फूल

प्राप्य स्थान:

भारत के समूचे उष्णकटिबंधीय और उप-उष्णकटिबंधीय वनों में पाया जाता है।

उपयोग:

1. अशोक की छाल का क्वाथ श्वेतप्रदर, अधिक मात्रा में रक्त स्राव, अनियमित मासिक स्राव और मासिक के समय उदरशूल में रामबाण का काम करती है।

2. चर्म रोगों, विशेषकर बच्चों के, में अशोक के फूलों का उपयोग करके तैयार तेल का उपयोग लाभकारी होता है। इसके फूलों की लेई बनाकर उसे नारियल तेल में पूरे पानी के जल जाने तक उबालें।

3. वक्ष-शूल में अशोक की छाल का क्वाथ उपयोगी होता है।



CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कर्कूलिगो ओरकियोइडज गार्यर्टन

क्रमांक: 24

वानस्पतिक नाम	:	कर्कूलिगो ओरकियोइडज गार्यर्टन
संस्कृत नाम	:	मुसली
हिंदी नाम	:	मुसली-कंद
उपयोगी भाग	:	प्रकंद

प्राप्य स्थान:

समूचे भारत में पाया जाता है, कभी-कभी इसकी खेती भी की जाती है।

उपयोग:

1. मुसली का क्वाथ श्वेतप्रदर में उपयोगी होता है।

2. प्रसव के बाद स्त्री को मुसली जड़ का चूर्ण दूध के साथ टानिक के रूप में सेवन कराना लाभप्रद होता है।

3. गर्भवती के स्तनों में दूध की कमी होने में मुसली का चूर्ण दूध और शक्कर के साथ सेवन कराना फायदेमंद है।



CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एकोनाइटम हिटेरोफाइलम वाल

8012

क्रमांक: 25

वानस्पतिक नाम	:	एकोनाइटम हिटेरोफाइलम वाल
संस्कृत नाम	:	अतिविशा
हिंदी नाम	:	अतीस
उपयोगी भाग	:	जड़ें

सावधानी:

अन्तः उपयोग के लिए अतीस की जड़ें परिशुद्ध की जानी चाहिए। जड़ों के छोटे-छोटे टुकड़े एक रात भर तक गाय के मूत्र में भिगो दें और अगले दिन सवेरे निकालकर उन्हें धूप में सूखाकर चूर्ण बना लें।
मात्रा:100-300 ग्राम

उपयोग:

1. बच्चों के ज्वर, अतिसार, अपच, वमन और खांसी में अतीस की जड़ों का चूर्ण शहद के साथ चटाना लाभकारी होता है।
   मात्राः 100-300 ग्राम।

2. बच्चों को अपच के कारण बलगम बनने, ज्वर और वमन की शिकायत होने पर अतीस जड़, सूखी अदरक और काली मिर्च का मिश्रित चूर्ण शहद के साथ सेवन कराने से लाभ होता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मायरिस्टिका फ्राग्रेंस हाउट

क्रमांक: 26

वानस्पतिक नाम	:	मायरिस्टिका फ्राग्रेंस हाउट
संस्कृत नाम	:	जातिफल
हिंदी नाम	:	जायफल
उपयोगी भाग	:	फल

प्राप्य स्थान:

भारत के समूचे उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों और अंडमान में पाया जाता है।

उपयोग:

1. बच्चों को अतिसार, अपच और वमन जैसे रोगों में आमतौर पर जायफल का चूर्ण शहद के साथ सेवन कराना हितकर होता है। आमतौर पर इसके चूर्ण को सूंठी या गुड़ के साथ देने की सिफारिश की जाती है।

2. बच्चों के अतिसार में इसके चूर्ण को आम के कोमल पत्तों का रस और शहद के साथ मिश्रित करके सेवन कराना उपयोगी होता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

टर्मिनेलिया चेबुला रिट्ज

क्रमांक: 27

वानस्पतिक नाम	:	टर्मिनेलिया चेबुला रिट्ज
संस्कृत नाम	:	हरीतकी
हिंदी नाम	:	हरड़
उपयोगी भाग	:	फल

प्राप्य स्थान:

भारत के समूचे पर्वतीय क्षेत्रों में पाया जाता है।

सावधानी:

इस औषधि का सेवन गर्भावस्था के समय न करें।

उपयोग:

1. प्रसव के बाद मलबद्धता (कब्ज) और अपच की अनुभूति होने पर हरड़ के फलावरण (छिलका) को पानी में उबाल कर सेवन कराना उपयोगी होता है।

2. इसके चूर्ण को शहद और पिपली चूर्ण के साथ मिलकर सेवन करने से बच्चों की खांसी ठीक हो जाती है।

3. हरड़ फल के छिल्के का चूर्ण मोथा और मुलहठी के साथ मिलाकर सेवन कराने से मां और शिशु का जटिल मूत्रण रोग ठीक हो जाता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ग्लायसाइरिजा ग्लेब्रा लिन

क्रमांक: 28

वानस्पतिक नाम	:	ग्लायसाइरिजा ग्लेब्रा लिन
संस्कृत नाम	:	यष्ठी-मधु
हिंदी नाम	:	मुलहठी
उपयोगी भाग	:	जड़ें

प्राप्य स्थान:

उप-हिमाचल में बहती नदियों के किनारों के समीप क्षेत्रों में इसकी पैदावार की जाती है। उष्णशीतोष्ण वाले क्षेत्रों, पंजाब और कश्मीर में इसकी बहुलता से पैदावार की जाती है।

उपयोग:

1. शिशुओं के जुकाम, खांसी और गले में जलन में मुलहठी का क्वाथ शहद के साथ चटाने से आराम होता है।
2. मुलहठी और गाय के घी से तैयार करके नवजात शिशु को प्रसव के दूसरे और तीसरे दिन छोटी-छोटी मात्रा में सेवन कराना उपयोगी होता है।
3. गलशोथ और स्वर भंग की शिकायत होने पर मुलहठी की जड़ को चूसने से आराम मिलता है।
4. मूत्र त्याग करते समय जलन होने पर मुलहठी का चूर्ण दूध के साथ सेवन करना हितकर होता है।
5. बच्चों को प्रदाहक फोड़ा-फुंसी या विसर्प हो जाने पर उसे मुलहठी और मोथा के क्वाथ से बाह्य रूप से उन्हें धोने से आराम आ जाता है।
6. बच्चों की हिचकी में मुलहठी का चूर्ण शहद या शक्कर के साथ सेवन कराना लाभकारी होता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एकारस कालामुस लिन

क्रमांक: 29

वानस्पतिक नाम	:	एकारस कालामुस लिन
संस्कृत नाम	:	वचा
हिंदी नाम	:	वच
उपयोगी भाग	:	जड़ें

प्राप्य स्थान:

नमी, दलदली भूमि, मणिपुर, नगालैंड और मैसूर में इसकी पैदावार की जाती है।

सावधानी:

बड़ी मात्राओं में इसका सेवन नहीं करना चाहिए क्योंकि इसका गुणधर्म वमनावस्था है।

उपयोग:

1. शिशुओं की अच्छी स्मरण शक्ति, ज्ञान और रोगप्रतिरोधी क्षमता बढ़ाने के लिए वच की जड़ का चूर्ण छोटी-छोटी मात्राओं में शहद के साथ चटाने से आशातीत लाभ होता है।
2. बच्चों के अतिसार, खांसी और श्वास संबंधी रोगों में वच की जड़ का चूर्ण छोटी-छोटी मात्राओं में शहद के साथ सेवन कराना उपयोगी होता है।
3. बच्चे को एक वर्ष तक स्वर्ण भस्म और वच का चूर्ण शहद के साथ देना लाभकारी होता है।
4. बच्चे को एक माह तक स्तन दूध के साथ वच देना ठीक होता है।
5. गले की जलन, दमा और खांसी में वच की जड़ को चूसने से लाभ होता है।
6. किसी भी महामारी के समय वच की जड़ का सेवन बेझिझक किया जा सकता है।
7. जली हुई जड़ का चूर्ण 3-ग्रेन की मात्राओं में सेवन कराने से शिशुओं का अतिसार और आंत्रशूल खत्म हो जाता है।
8. बच्चों के उदर से कृमि निकलने और पथरी के कारण मूत्रमार्ग में शोथ होने में वच की जड़ के चूर्ण का सेवन कराना लाभदायक है।
9. बच्चों के कर्णशोथ में वच के ताजा रस की बूंदें डालने से आराम हो जाता है।.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वुडफोर्डिया फ्रूटिकोसा कुर्ज

क्रमांक: 30

वानस्पतिक नाम	:	वुडफोर्डिया फ्रूटिकोसा कुर्ज
संस्कृत नाम	:	धातकी
हिंदी नाम	:	धाय
उपयोगी भाग	:	फूल

उपयोग:

1. धाय के फूलों का शक्कर और भुने हुये चावल के दानों के साथ तरल आहार के रूप में उपयोग किया जाता है। इस आहार के सेवन से बच्चे को अच्छी भूख लगती है और मल सख्त लैंडों में बनने लग जाता है।

2. बच्चों के अतिसार में धाय के फूलों का चूर्ण शहद के साथ देना उपयोगी होता है।

3. श्वेतप्रदर में धाय के फूल शहद के साथ सेवन करने से लाभ होता है।

4. जल जाने की अवस्था में धाय के फूलों के चूर्ण को जिंजिलि तेल में मिलाकर प्रभावित भाग पर लगाने से आराम आ जाता है।

5. बच्चों के दांत तेजी से निकलने के लिए धाय के फूलों का चूर्ण आंवला फल के स्वरस और शहद के साथ मिलाकर मसूड़ों पर लगाना अच्छा होता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

फेजोलुस मूंगो लिन

क्रमांक: 31

वानस्पतिक नाम	:	फेजोलुस मूंगो लिन
संस्कृत नाम	:	मुद्ग
हिंदी नाम	:	मूंग
उपयोगी भाग	:	बीज

प्राप्य स्थान:

भारत के बहुत से भागों में खेती की जाती है।

उपयोग:

1. स्वास्थ्य लाभ में मूंग का आहार के रूप में उपयोग होता है।
2. यदि गर्भावस्था के समय स्तन का दूध दूषित हो जाये तो मूंग का सूप बनाकर दिन में तीन बार पीने से लाभ होता है।
3. बच्चों के लिए स्नान पाउडर के रूप में मूंग के चूर्ण का उपयोग होता है।
4. जलन अनुभूति, ज्वर, वमन और कम मूत्र बनने, विशेष कर बच्चों को, में तले हुये मूंग का क्वाथ बनाकर उसे शहद और भुने हुये चावल तथा शक्कर के साथ सेवन कराने से लाभ होता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सिडा रिट्युस लिन

क्रमांक: 32

वानस्पतिक नाम	:	सिडा रिट्युस लिन
संस्कृत नाम	:	बेला
हिंदी नाम	:	बरियारी (बरियान), कुंगी (खरैंटी)
उपयोगी भाग		जड़ें

प्राप्य स्थान:

दक्षिण भारत के शुष्क क्षेत्रों, पश्चिम बंगाल और गुजरात में पाया जाता है।

उपयोग:

1. बरियारी की जड़ को मुख्य रूप से उपयोग करके तेल तैयार किया जाता है। जिंजिलि तेल में जड़ों और दूध को मिलाकर जलांश के वाष्पित होने तक उबालते हैं। इस तेल की प्रसव के तुरंत बाद शिशु के पूरे शरीर पर मालिश की जाती है।

   इससे नवजात शिशुओं की प्रसव से मांस पेशी में आये खिंचाव और अचानक बाहरी हवा के दुष्प्रभाव को कम करने में मदद मिलती है।
2. प्रसूता स्त्री के तनाव, ज्वर और बदन दर्द को कम करने के लिए उसे बरियारी की जड़ों के क्वाथ का सेवन कराना उपयोगी होता है।
3. गर्भावस्था के समय गर्भपात से बचने और सुरक्षित प्रसव के लिए बरियारी जड़ का क्वाथ दूध के साथ सेवन कराना लाभकारी होता है।
4. गर्भपात से बचने के लिए गर्भावस्था के समय इसके क्वाथ के साथ तैयार घी का प्रयोग करना हितकर होता है।
5. गर्भाशय से रक्तस्राव की स्थिति में बरियारी की जड़ के चूर्ण में शहद मिलाकर दूध के साथ सेवन कराना उपयोगी होता है।
6. बच्चों के आक्षेप और मिरगी के दौरों में बरियारी की जड़ की पेस्ट को ताजा तैयार मक्खन में मिलाकर सिर के बीच में मालिश करना उपयोगी होता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ईगल
मार्मेलास कोर

क्रमांक: 33

वानस्पतिक नाम : ईगल मार्मेलास कोर

संस्कृत नाम : बिल्व

हिंदी नाम : बेल

उपयोगी भाग : जड़ें, फल

प्राप्य स्थान:

समूचे भारत में पाया जाता है।

उपयोग:

1. कच्चे बेल फल, इलायची, शक्कर और भुने हुए चावल के दानों के साथ तरल आहार तैयार करके जन्म के बाद बच्चों को खिलाना चाहिए। इससे उनको अच्छी भूख लगती है और मल के सख्त लैंडे बनने लगते हैं।

2. ताजा बेल के फल के मज्जे को सूखा कर और चूर्ण बनाकर बच्चों के वमन और अतिसार की स्थिति में सेवन कराने से लाभ होता है।

3. बेल के पत्तों के रस को जिंजिलि तेल में उबालकर उसे बच्चों के कर्णशूल और कर्ण-प्रदाह में उपयोग करना हितकार होता है।

4. बेल की जड़ और मोथा का क्वाथ वमन और अतिसार को ठीक करता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वाईटिज विनिफेरा लिन

क्रमांक: 34

वानस्पतिक नाम	:	वाइटिज विनिफेरा लिन
संस्कृत नाम	:	द्राक्षा
हिंदी नाम	:	अंगूर
उपयोगी भाग	:	फल

उपयोग:

1. गर्भवती स्त्री और जच्चा को रक्ताल्पता, मलबद्धता और चक्कर आने पर अंगूर फल का रस पिलाना बहुत उपयोगी होता है।
2. बच्चों के कब्ज में अंगूर फल के रस को गुड़ के साथ उबालकर पिलाने से लाभ होता है।
3. बच्चों के कामला और यकृत-विकृति में अंगूर का क्वाथ देने से आराम आता है।
4. सूखी खांसी में अंगूर रस, मुलहठी चूर्ण और गुड़ मिलाकर सेवन करने से लाभ होता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य के लिए उपयोगी औषधीय पौधे (जड़ी-बूटियां)

क्रमांक	वानस्पतिक नाम	संस्कृत नाम	हिंदी नाम	पृष्ठांक
1.	प्युनिका ग्रानेटम लिन	दाड़िम	अनार	5
2.	टिनोस्पोरा कार्डिफोलिया	गुडूची	गिलोय	6
3.	वेटिवेरिया जिजानियोइडेज लिन	उशीरम्	खस	7
4.	नीलम्बियम स्पेसोओजम वाइल्ड	कमल	कमल	8
5.	अस्परागुस रेसमोसस वाइल्ड	शतावरी	शतावर	9
6.	फाइलेंथस एम्बलिक लिन	आमलकी	आमला	10
7.	पाइपर लोंगम लिन	पिप्पली	पिपला-मूल	11
8.	बकोपा मोन्निरा लिन	ब्राह्मी	ब्राह्मी	12
9.	ऐलो वेरा, टुअर्न	कुमारी	घी-कुंवार	13
10.	बोएराविया डिफूजा लिन	पुनर्नवा	सांठ	14
11.	इपोमोइया डिजिटेट लिन	विदारी	बिलाई-कंद	15
12.	ऐंड्रोग्राफिस पैनिक्युल्टा नीस	किरात-तिक्त	चिरायता	16
13.	डेजमोडियम गंगेटिकम डी सी	पृष्निपर्णी	पिठवन	17
14.	साइपेरस रोटंडस लिन	मुस्त	मोथा	18
